University in News on 18 April 2025

HINDUSTAN PAGE 8

एलयू : एलयूआरएन पंजीकरण और स्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के तहत एलयूआरएन पंजीकरण की शुरुआत हो गई है। साथ ही स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन भी आरंभ हो गए हैं। प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव की ओर से विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर सूचना जारी कर दी गई है। इसके अलावा स्नातक का ब्रोशर भी अपलोड कर दिया है।

प्रवेश समन्वयक का कहना है कि एलयू व संबद्ध कॉलेजों में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए एलयूआरएन पंजीकरण अनिवार्य होगा। एलयू की वेबसाइट पर समर्थ पोर्टल का लिंक एलयूआरएन पंजीकरण के लिए उपलब्ध है, जिसके द्वारा एलयूआरएन पंजीकरण करना होगा।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए जनरल, ओबीसी अभ्यर्थियों को 800 रुपये और एससी, एसटी व दिव्यांगों को 400 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा। स्नातक प्रोफेशनल (बीबीए, बीसीए) और डीफार्मा के लिए जनरल, ओबीसी अभ्यर्थियों को 1000 रुपये और एससी, एसटी व दिव्यांगों को 500 रुपये देना होगा।

सीटों का ब्योरा

बीए	1300+
बीएससी बायो	280+
बीएससी मैथ्स	470+
बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स	120
बीकॉम ऑनर्स	180
बीकॉम एनईपी चार वर्षीय	450
बीकॉम सेल्फ फाइनेंस 4 वर्षीय	240
एलएलबी पांच वर्षीय	160
बीसीए	120
बीबीए	300
बीबीए डिजिटल बिजनेस	60
बीबीए टूरिज्म	60
डीफार्मा	60
बीए/बीएससी योगा	60
बीवॉक रिन्यूबल एनर्जी	25

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7, 8

विकसित भारत के लिए तेजी से हो रहा काम

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से बृहस्पतिवार को विशेष व्याख्यान इंडिया 2047 एक्सपीरिएंसेज एंड इंडियाज विषय पर हुआ। इसमें कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रो. निरुपम बाजपेई ने कहा कि यह भारत के विकास का दशक है। इस देश में अपार संभावनाएं हैं। भारत शीघ्र ही तीसरी और अगले बीस वर्षों में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनेगा।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए मोदी सरकार तेजी से काम कर रही है। यही कारण है कि शिक्षा, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, आधार लिंकेज, मॉर्टिलिटी रेट जैसे क्षेत्रों में अप्रत्याशित सफलता हासिल हुई है।

कला संकाय के अध्यक्ष प्रो. अरविंद मोहन ने कहा कि विकसित भारत की बात हो रही है, पर ध्यान देना होगा कि जॉबलेस ग्रोथ भी एक बड़ी समस्या है। डेमोग्राफिक डिवीडिएंड का घटना भी चुनौती है। डिफेंस कॉरिडोर, मैनुफैक्चरिंग, हेल्थ आदि क्षेत्रों में सकारात्मक प्रगति हुई है। विशिष्ट अतिथि लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एके माथुर ने विकसित भारत के लिए सभी के प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। इस मौके पर पूर्व प्रति कुलपति प्रो अरविंद अवस्थी, प्रो. मनोज आग्रवाल, प्रो. अशोक कुमार कैथल, प्रो. वीके शर्मा, प्रो. कमल कुमार, प्रो. राकेश द्विवेदी सहित कई छात्र उपस्थित रहे।

लविवि के अर्थशास्त्र विभाग में आयोजित हुआ व्याख्यान

लविवि में व्याख्यान के दौरान बोलते हुए प्रोफेसर निरुपम बाजपेई। -संवाद

जॉबलेस ग्रोथ भी एक बड़ी समस्या है। लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एके माथुर ने विकसित भारत के लिए सभी के प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। इस मौके पर पूर्व प्रति कुलपति प्रो अरविंद अवस्थी, प्रो. मनोज आग्रवाल, प्रो. अशोक कुमार कैथल, प्रो. वीके शर्मा, प्रो. कमल कुमार, प्रो. राकेश द्विवेदी सहित कई छात्र उपस्थित रहे।

लविवि में शुरू हुआ युवाओं का संवाद

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के जानकीपुरम परिसर में दो दिवसीय कार्यक्रम लखनऊ यूनिवर्सिटी मॉडल यूनाइटेड नेशंस (लुमुन) की शुरुआत वृहस्पतिवार को हुई। इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य न्यायमूर्ति डीपी सिंह ने की। इस दौरान नए परिसर के निदेशक प्रो. आरके सिंह व लुमुन के कोऑर्डिनेटर शिक्षक डॉ. अभिषेक तिवारी ने बताया कि यह कार्यक्रम 18 अप्रैल को भी आयोजित होगा। इसमें अंतरराष्ट्रीय व समसामयिक विषयों पर युवाओं की ओर से संवाद और विमर्श किया जाएगा। पहले दिन कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वैश्विक मुद्दों पर कूटनीतिक दृष्टिकोण से सोचने के लिए प्रेरित किया गया। (संवाद)

बीकॉम छठे सेमेस्टर की परीक्षा 28 को

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के बीकॉम छठे सेमेस्टर नियमित व स्ववित्त सत्र 2024-25 के माइनर प्रोजेक्ट की मौखिक परीक्षा 28 अप्रैल को होगी। परीक्षा का समय सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक निर्धारित किया गया है। परीक्षा का आयोजन प्रो. केके सक्सेना, न्यू कॉमर्स ब्लॉक ओल्ड कैंपस में किया जाएगा। वहीं, छात्रों को मौखिक परीक्षा के लिए माइनर प्रोजेक्ट रिपोर्ट की हार्ड कॉपी के साथ-साथ सीडी की सॉफ्ट कॉपी भी लानी होगी। ये जानकारी डीन प्रो. अर्चना सिंह ने दी। (संवाद)

NBT PAGE 3

LU में 7 मई से एमबीए सम सेमेस्टर एग्जाम

NBT न्यूज, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी ने गुरुवार को एमबीए सम सेमेस्टर दूसरे व चौथे सेमेस्टर की परीक्षाओं की तारीखें जारी कर दी। एमबीए दूसरे सेमेस्टर में एमबीए एफ एंड सी, एचआर, मार्केटिंग, आईवी, ई एंड एफवी, विजनेस एनालिसिस सेमेस्टर की परीक्षाएं 8 मई वहीं चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं वैकपेपर व एनईपी की परीक्षाएं 7 मई से 30 मई से शुरू होंगी। वहीं एचआर रेगुलर, एमबीए मार्केटिंग चौथे सेमेस्टर, एमबीए ई एंड एफवी, इंटरनेशनल विजनेस चौथे सेमेस्टर, एमबीए एफ एंड सी की परीक्षाएं 7 मई से 23 मई तक होंगी।

लखनऊ यूनिवर्सिटी मॉडल यूनाइटेड नेशंस कार्यक्रम शुरू

NBT न्यूज, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी के सेकंड कैंपस के विश्वकर्मा हॉल में गुरुवार से दो दिवसीय कार्यक्रम लखनऊ यूनिवर्सिटी मॉडल यूनाइटेड नेशंस(LUMUN) की शुरुआत हुई। कार्यक्रम शुक्रवार तक चलेगा। इसमें युवा अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय और समसामयिक विषयों पर संवाद करेंगे। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डीपी सिंह, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता संजय भसीन, विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. वीडी सिंह, नए परिसर के निदेशक प्रो. आरके सिंह, डॉ. अभिषेक तिवारी और उर्वशी सिंह शामिल रहे।

i-NEXT PAGE 5

'यह दशक भारत के विकास का दशक है'

एलयू के इकोनॉमिक्स डिपार्टमेंट की तरफ से स्टूडेंट लेक्चर का किया गया आयोजन

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (17 April): लखनऊ यूनिवर्सिटी के एपी सेन हॉल में गुरुवार को इकोनॉमिक्स डिपार्टमेंट और पॉपुलेशन रिसर्च सेंटर की तरफ से 'इंडिया 2047-एक्सपीरियंस एंड आइडियाज' पर एक सेमिनार लेक्चर का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कोलंबिया यूनिवर्सिटी के रिसर्चर और पद्मश्री से सम्मानित प्रो. निरुपम बाजपेई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे.

अगले 20 साल में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

इंडिया विकन 2047 पर बोलते हुए प्रो. निरुपम बाजपेई ने कहा कि यह भारत के विकास का दशक है, जिसमें अपार संभावनाएं हैं और अगले 20 सालों में भारत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए सरकार एक्यूकेशन, स्किल डेवलपमेंट, फाइनेंशियल मैनेजमेंट, डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर, मॉर्टिलिटी जैसे फील्ड्स में काम कर रही है.

जॉबलेस ग्रोथ एक बड़ी समस्या

सत्रारंभ की अध्यक्षता करते हुए डीन आर्ट्स फैकल्टी प्रो. अनिंदिट मोहन ने कहा कि विकसित भारत की बात तो हम सभी करते हैं, लेकिन इन सबके बीच में जॉबलेस ग्रोथ भी एक बड़ी समस्या है. इसके साथ ही डेमोग्राफिक डिविडेंड की घटना भी एक चिंतेजा है.

स्टूडेंट्स से पूछे दोचक सवाल

1. एक स्टूडेंट ने प्रो. निरुपम से पूछा कि कौसे कुछ सालों में कार्ड मार्गमेंट स्कूल्स में एडमिशन कम हुए हैं, इसकी वजह क्या है?
   उत्तरः प्रो. निरुपम ने जवाब देते हुए कहा कि सरकार गवर्नमेंट स्कूल्स के बच्चों के लिए लगातार प्रयास कर रही है, फिर बात तो कुछ तो है, प्रो. ने पढ़ाई से या फिर मिडडे मील. हालांकि ये बात भी सही है कि गवर्नमेंट स्कूल्स में एडमिशन में कमी आई है, लेकिन कुछ स्पेसिफिक जगहों पर जिनके कार्ड बनाना हो सकते हैं. वहां, उस एरिया और लोगों की कंडिशन क्योंकि वोर्ड भी छोटे से छोटा बनाए करने वाला व्यक्ति यही चाहता है कि उसका बच्चा अच्छे स्कूल में पढ़े. हालांकि, गवर्नमेंट सरकारी स्कूल के ऊपरि बेहतर से बेहतर एजुकेशन देने की वांछित कर रही है और जिस तरह से भारत विकास कर रहा है.
2. मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए जिक्र 27 सरटेंग्थस डेवलपमेंट गोल्स में क्या प्रैक्टेजेस हो सकते हैं?
   उत्तरः मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने कोई कुछ सालों में काफी प्रोग्रेस की है और ये सेक्टर लगातार बेहतर कर रहा है, फिलहाल की बात करें तो एपिएट फैसिलिटी और लेबर लॉस इसमें एक चुनौती साबित हो सकते हैं.
3. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मिलने वाला राशन कार्ड न बनी लोगों की आइडेंटिटी पर असर डाल रहा है. क्या बेहतर होगा जनर हम मनरेगा जैसी स्कीम पर योजना करें?
   उत्तरः मैं आपकी बात से सहमत हूं, क्योंकि उद्दान तक लोगों को स्मार्ट करने के लिए सभी को प्रो राशन देना एक अच्छा कदम था, लेकिन अब सरकार को एक लाइन बनानी होगी, जिससे सिर्फ और सिर्फ गरीबी रेखा से नीचे वाले लोगों को प्रो राशन दिया जाए बाकी लोगों को काम दिया जाए, इससे उनकी आइडेंटिटी भी बढ़ेगी और उत्कर्षमंद भी होगा.

7 से एमबीए सम सेमेस्टर एग्जाम

LUCKNOW (17 APRIL): लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज (आइएमएस) में एमबीए के विभिन्न पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर की परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है. यह परीक्षाएं सात मई से प्रारंभ होकर 30 मई तक चलेगी. परीक्षा का समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक निर्धारित किया गया है. परीक्षाएं सात मई से प्रारंभ होकर 30 मई तक चलेगी. परीक्षा का समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक निर्धारित किया गया है. छात्र-छात्राएं विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं.

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

भारत जल्द तीसरी अर्थव्यवस्था होगा : प्रो. निरुपम वाजपेई

लखनऊ। भारत के विकास का यह दशक है। इस देश मे अपार संभावनाएं है। भारत शीघ्र ही तीसरी अर्थव्यवस्था और अगले बीस वर्षों में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। यह बातें अर्थशास्त्र विभाग एवं पॉपुलेशन रिसर्च सेंटर, लखनऊ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित विशेष व्यख्यान इंडिया@2047-एक्सपीरिएंसेस एन्ड इंडियाज विषय पर बोलते हुए पद्मश्री से सम्मानित कोलबिया विश्वविद्यालय के प्रो. निरुपम वाजपेई ने कही।

उन्होंने आगे कहा कि विकसित भारत के लिए मोदी सरकार विभिन्न फ्रण्टों पर एक साथ कार्य कर रही है। शिक्षा, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी), आधार लिंकेज, मार्टीलिटी रेट इत्यादि क्षेत्रों में अप्रत्याशित सफलता प्राप्त किया है। अध्यक्षता करते हुए कला संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो अरविंद मोहन ने कहा कि विकसित भारत की बात हो रही पर ध्यान देना होगा कि जॉबलेस ग्रोथ भी एक बड़ी समस्या है। डेमोग्राफिक डिवीडिएंड का घटना भी चुनौती है। डिफेंस कॉरिडोर, मैनुफेक्चरिंग, हेल्थ इत्यादि क्षेत्रों में सकारात्मक प्रगति हुई है। विशिष्ट अतिथि लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एके माथुर ने विकसित भारत के लिए सभी के प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। आभार ज्ञापन अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो विनोद सिंह ने किया। संचालन अर्थशास्त्र विभाग की डॉ शशीलता सिंह ने किया। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व प्रति कुलपति प्रो अरविंद अवस्थी, प्रो मनोज अग्रवाल, प्रो अशोक कुमार कैथल, प्रो वीके शर्मा, प्रो कमल कुमार, प्रो राकेश द्विवेदी, प्रो एमएम वर्मा, प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रो ध्रुवसेन सिंह, प्रो डीआर साहू, प्रो एके सिंह, प्रो ओमकार नाथ उपाध्याय, प्रो विमल जायसवाल, डॉ अल्पना लाल, डॉ प्रीति सिंह, डॉ कामना सेन गुप्ता, डॉ सुचित्रा प्रसाद, डॉ शची राय, डॉ विपिन पांडेय, डॉ दिनेश यादव एवं डॉ हरनाम सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, शोध छात्र-छात्राएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : स्नातक प्रवेश की प्रक्रिया शुरू, एलयूआरएन पोर्टल खुला

जासं ● लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई। केंद्रीयकृत स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों को एलयूआरएन (लखनऊ विश्वविद्यालय रजिस्ट्रेशन नंबर) के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। प्रवेश समन्वयक डा. अनित्य गौरव ने इसका नोटिफिकेशन वेबसाइट पर जारी कर दिया। गुरुवार को इसके लिए देर रात पोर्टल खोल दिया गया है। लखनऊ विश्वविद्यालय या इससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए इच्छुक सभी अभ्यर्थियों को एलयूआरएन का पंजीकरण कराना होगा। बिना इस पंजीकरण के कोई भी आनलाइन एडमिशन एप्लिकेशन फार्म स्वीकार नहीं किया जाएगा।

पंजीकरण की प्रक्रिया लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध समर्थ पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। इसी पोर्टल पर पाठ्यक्रम अनुसार आनलाइन प्रवेश आवेदन पत्र भी भरना होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय से पंजीकरण कराएं और सभी जरूरी दस्तावेज तैयार रखें ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। यह व्यवस्था प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने के लिए की गई है। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर नियमित रूप से अपडेट देखते रहें। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://lkounivadm.samarth.edu.in/ देख सकते हैं।

लवि में सात से एमबीए सम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू

जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज (आइएमएस) में एमबीए के विभिन्न पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर की परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। यह परीक्षाएं सात मई से प्रारंभ होकर 30 मई तक चलेंगी। परीक्षा का समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक निर्धारित किया गया है। छात्र-छात्राएं विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

वीकाम छठे सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 28 को

जासं ● लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय की ओर से वीकाम छठे सेमेस्टर (नियमित एवं सेल्फ फाइनेंस) सत्र 2024-25 के विद्यार्थियों के लिए माइनर प्रोजेक्ट यानया परीक्षा की तारीख जारी कर दी गई है।

यह परीक्षा 28 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा मुख्य परिसर में प्रो. केके सक्सेना कक्ष, नया कामर्स ब्लाक में हैं। विद्यार्थियों की यानया के दिन अपने माइनर प्रोजेक्ट की हार्ड कापी के साथ-साथ सीडी में उसकी सफ्ट कापी भी अनिवार्य रूप से लानी होगी।

समसामयिक विषयों व वैश्विक मुद्दों पर युवाओं ने किया संवाद

जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित विश्वकर्मा हाल में गुरुवार को दे दिवसीय 'लखनऊ यूनिवर्सिटी माडल यूनाइटेड नेशन्स' कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसमें विभिन्न अंतरराष्ट्रीय, समसामयिक विषयों व वैश्विक मुद्दों पर युवाओं ने संवाद और विमर्श किया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डीपी सिंह और वरिष्ठ अधिवक्ता संजय भसीन ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पांच अलग-अलग समितियों में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम की सेक्रेटरी जनरल उर्वशी सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम लवि के विद्यार्थियों को वैश्विक मंच पर नेतृत्व, संवाद और

न्यायमूर्ति देवी प्रसाद सिंह ● जागरण

समाधान की दिशा में सोचने का अवसर प्रदान कर रहा है। विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. बीडी सिंह, नए परिसर के निदेशक प्रो. आरके सिंह व लखनऊ यूनिवर्सिटी माडल यूनाइटेड नेशंस के कोआर्डिनेटर अभिषेक तिवारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन समारोह शुक्रवार को दोपहर तीन बजे होगा।

एलयू में यूजी एडमिशन प्रक्रिया शुरू, पोर्टल खुला

प्रवेश समन्वयक ने वेबसाइट पर जारी किया नोटिफिकेशन

LUCKNOW (17 APRIL): एलयू में सत्र 2025-26 के लिए पीजी कोर्सों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई. केंद्रीयकृत स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों को एलयूआरएन (एलयू रजिस्ट्रेशन नंबर) के लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा. प्रवेश समन्वयक डा. अनित्य गौरव ने इसका नोटिफिकेशन वेबसाइट पर जारी कर दिया. गुरुवार को इसके लिए देर रात पोर्टल खोल दिया गया.

रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

एलयू या इससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए इच्छुक सभी अभ्यर्थियों को एलयूआरएन का पंजीकरण कराना होगा. बिना इस रजिस्ट्रेशन के कोई भी आनलाइन एडमिशन एप्लिकेशन फार्म स्वीकार नहीं किया जाएगा. रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया एलयू की वेबसाइट पर उपलब्ध समर्थ पोर्टल के माध्यम से की जाएगी. इसी पोर्टल पर पाठ्यक्रम अनुसार आनलाइन प्रवेश आवेदन पत्र भी भरना होगा.

समय से रजिस्ट्रेशन कराएं

एलयू प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय से रजिस्ट्रेशन कराएं और सभी जरूरी दस्तावेज तैयार रखें ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो. यह व्यवस्था प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने के लिए की गई है. अभ्यर्थी एलयू की वेबसाइट पर नियमित रूप से अपडेट देखते रहें.

वैश्विक मुद्दों पर किया संवाद

LUCKNOW (17 April): एलयू के द्वितीय परिसर स्थित विश्वकर्मा हाल में गुरुवार को दे दिवसीय लखनऊ यूनिवर्सिटी माडल यूनाइटेड नेशन्स कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ. इसमें विभिन्न अंतरराष्ट्रीय, समसामयिक विषयों व वैश्विक मुद्दों पर युवाओं ने संवाद और विमर्श किया. मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डीपी सिंह और वरिष्ठ अधिवक्ता संजय भसीन ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैश्विक मुद्दों की समझ देना, संवाद कौशल विकसित करना और कूटनीतिक दृष्टिकोण से सोचने के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान पांच अलग-अलग समितियों में छात्रों ने विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया. कार्यक्रम की सेक्रेटरी जनरल उर्वशी सिंह ने उद्घाटन भाषण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत कर कहा, कार्यक्रम एलयू के विद्यार्थियों को वैश्विक मंच पर नेतृत्व, संवाद और समाधान की दिशा में सोचने का अवसर प्रदान कर रहा है.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

शीघ्र ही तीसरी अर्थव्यवस्था होगा भारत : पद्मश्री निरूपम बाजपेयी

लखनऊ (एसएनबी)। भारत के विकास का यह दशक है। इस देश में अपार संभावनाएं है। भारत शीघ्र ही तीसरी अर्थव्यवस्था और अगले बीस वर्षों में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। उक्त बातें बृहस्पतिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग एवं पॉपुलेशन रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित विशेष व्यख्यान इंडिया@2047-एक्सपीरिएंसस एन्ड इंडियाज' विषय पर बोलते हुए पद्मश्री से सम्मानित कोलबिया विश्वविद्यालय के प्रो. निरूपम वाजपेई ने कही।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए मोदी सरकार विभिन्न फ्रण्टों पर एक साथ कार्य कर रही है। शिक्षा, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, आधार लिंकेज, मार्टीलिटी रेट आदि क्षेत्रों में अप्रत्याशित सफलता प्राप्त

लविवि में 'इंडिया@2047-एक्सपीरिएंसस एन्ड इंडियाज' विषय पर विशेष व्याख्यान

किया है। विशिष्ट अतिथि लखनऊ मैनेजमेन्ट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ए.के. माथुर ने विकसित भारत के लिए सभी के प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। व्याख्यान की अध्यक्षता करते हुए कला संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. अरविंद मोहन ने कहा कि विकसित भारत की बात हो रही पर ध्यान देना होगा कि जॉबलेस ग्रोथ भी एक बड़ी समस्या है। डेमोग्राफिक डिवीडिएंड की घटना भी चुनौती है। डिफेंस कॉरिडोर, मैनुफेक्चरिंग, हेल्थ आदि क्षेत्रों में सकारात्मक प्रगति हुई है। व्याख्यान का संचालन अर्थशास्त्र विभाग की डा. शशीलता सिंह ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी, प्रो. मनोज अग्रवाल, प्रो. राकेश द्विवेदी, प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रो. वीके शर्मा, प्रो. ध्रुवसेन सिंह, प्रो. एके सिंह, ओमकार नाथ उपाध्याय, विमल जायसवाल, डा. अल्पना, डा. प्रीति सिंह, डा. कामना सेन गुप्ता, डा. सुचित्रा प्रसाद, डा. शची राय, डा. विपिन पांडेय एवं डा. हरनाम सिंह सहित विवि के शिक्षक, शोध छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

PIONEER PAGE 3

20 वर्षों में भारत बनेगा विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : प्रो. निरुपम

लवि के अर्थशास्त्र और पापुलेशन रिसर्च सेंटर में विशेष व्याख्यान

जासं ● लखनऊः 'भारत के पास अपार संभावनाएं हैं और यह देश तेजी से विकास के मार्ग पर बढ़ रहा है। अपना देश इस दशक में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। अगले 20 वर्षों में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।' यह बात कोलंबिया विश्वविद्यालय के भारतीय अर्थशास्त्री एवं पद्मश्री से सम्मानित प्रो. निरुपम वाजपेई ने कही। वे लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग और पापुलेशन रिसर्च सेंटर की ओर से आयोजित एपी सेन हाल में गुरुवार को आयोजित विशेष व्याख्यान इंडिया 2047-एक्सपीरिएंस एंड इंडियाज वे फारवर्ड विषय पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

प्रो. वाजपेई ने कहा कि मोदी सरकार एक विकसित भारत के निर्माण के लिए अनेक मोर्चों पर एक साथ कार्य कर रही है। शिक्षा, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी), आधार से जोड़ने की पहल और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में गिरावट जैसे क्षेत्रों में सरकार ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

कला संकायाध्यक्ष प्रो. अरविंद मोहन ने कहा कि विकसित भारत की दिशा में बहुते कदम उत्साहजनक हैं, लेकिन जाबलेस ग्रोथ यानी रोजगार विहीन विकास एक बड़ी चुनौती है। विशिष्ट अतिथि लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एके माथुर ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार, उद्योग और समाज सभी को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद सिंह ने आभार व्यक्त किया।

संचालन डा. शशिलता सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी, प्रो. मनोज अग्रवाल, प्रो. अशोक कुमार कैथल, प्रो. वीके शर्मा, प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रो. ध्रुवसेन सिंह सहित अन्य शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

लवि में आयोजित व्याख्यान में बोलते प्रो. निरुपम वाजपेई ● लवि

अगले बीस वर्ष में भारत दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगाः प्रो. निरूपम वाजपेई

लखनऊ। यह दशक भारत के विकास का है। देश मे अपार संभावनाएं है। भारत शीघ्र ही तीसरी अर्थव्यवस्था और अगले बीस वर्षों में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। उक्त बातें अर्थशास्त्र विभाग एवं पॉपुलेशन रिसर्च सेंटर, लखनऊ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को आयोजित विशेष व्याख्यान इंडिया 2047-एक्सपीरिएंसेस एन्ड इंडियाज विषय पर बोलते हुए पद्मश्री से सम्मानित कोलबिया विश्वविद्यालय के प्रो. निरुपम वाजपेई ने कही। उन्होंने आगे कहा कि विकसित भारत के लिए मोदी सरकार विभिन्न फ्रण्टों पर एक साथ कार्य कर रही है। शिक्षा, कौशल विकास,वित्तीय समावेशन, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, आधार लिंकेज, मार्टीलिटी रेट इत्यादि क्षेत्रों में अप्रत्याशित सफलता प्राप्त किया है। अध्यक्षता करते हुए कला संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो अरविंद मोहन ने कहा कि विकसित भारत की बात हो रही पर ध्यान देना होगा कि जॉबलेस ग्रोथ भी एक बड़ी समस्या है। डेमोग्राफिक डिवीडिएंड का घटना भी चुनौती है। डिफेंस कॉरिडोर, मैनुफेक्चरिंग, हेल्थ इत्यादि क्षेत्रों में सकारात्मक प्रगति हुई है। विशिष्ट अतिथि लखनऊ मैनेजमेन्ट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ए के माथुर ने विकसित भारत के लिए सभी के प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

AMRIT VICHAR PAGE 7

लखनऊ यूनिवर्सिटी मॉडल यूनाइटेड नेशन्स शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित विश्वकर्मा हॉल में दो दिवसीय कार्यक्रम लखनऊ यूनिवर्सिटी मॉडल यूनाइटेड नेशन्स का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 17 व 18 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और समसामयिक विषयों पर युवाओं द्वारा संवाद और विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डीपी सिंह रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता संजय भसीन मौजूद रहे।

विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. बीडी सिंह नए परिसर के निदेशक प्रो. आरके सिंह कोऑर्डिनेटर शिक्षक डॉ. अभिषेक तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैश्विक मुद्दों की समझ देना, संवाद कौशल विकसित करना और कूटनीतिक दृष्टिकोण से सोचने के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान पांच अलग-अलग समितियों में छात्र विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श करेंगे।

भारत के लिए यह विकास का दशक : प्रो. निरुपम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः विकसित भारत के लिए केंद्र सरकार कई मोर्चे पर एक साथ कार्य कर रही है। शिक्षा, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, आधार लिंकेज, मार्टीलिटी रेट इत्यादि क्षेत्रों में देश अप्रत्याशित सफलता प्राप्त कर रहा है। भारत के विकास का यह दशक है।

यह कहना है कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रो. निरुपम वाजपेई का। वह लखनऊ विश्वविद्यायल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्